Electric Type Ceiling Fan

Short Title	Clause of EC Act, 2001	Notification/Regulation/Amendment & Date	Reference IS/IEC Standards
Principal Notification	14(d)	No. BEE/S&L/Ceiling Fan/05/2019-20 dated 19th May, 2022	IS 374
	14(a)	S.O. 2210(E) dated 12th May, 2022	
	14(b)	S.O. 2211(E) dated 12th May, 2022	

IndiaCode

रजिस्ट्री सं. डी.एल.- 33004/99 REGD. No. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

सी.जी.-डी.एल.-अ.-19052022-235894
CG-DL-E-19052022-235894

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग III—खण्ड 4
PART III—Section 4

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 265] नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, मई 19, 2022/वैशाख 29, 1944
No. 265] NEW DELHI, THURSDAY, MAY 19, 2022/VAISAKHA 29, 1944

ऊर्जा दक्षता ब्यूरो

अधिसूचना

नई दिल्ली, 19 मई, 2022

सं. बीईई/एस एंड एल/सीलिंग फैन/05/2019-20.—ऊर्जा संरक्षण अधिनियम, 2001 (2001 का 52) की धारा 58 की उपधारा (1) के अधीन यथा अपेक्षित, इससे प्रभावित हो सकने वाले संभावित व्यक्तियों से राजपत्र में उक्त अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से तीस दिनों की विनिर्दिष्ट अवधि के भीतर आपत्तियां अथवा सुझाव आमंत्रित करते हुए, तारीख 2 जुलाई, 2021 की अधिसूचना संख्या बीईई/एस एंड एल/सीलिंग फैन/05/2019-20 द्वारा विनियम, अर्थात् ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (इलेक्ट्रिक सीलिंग टाइप फैन के लेबल पर उनके प्रदर्शन का विवरण और रीति) विनियम, 2021 का प्रारूप प्रकाशित किया गया था;

और उक्त विनियमों की राजपत्र प्रतियां उक्त राजपत्र में 2 जुलाई, 2021 को प्रकाशित की गई थी;

और जबकि उक्त प्रारूप विनियमों के संबंध में पूर्वोक्त अवधि के भीतर सुझाव प्राप्त हुए हैं;

और इस संबंध में प्राप्त सुझावों पर विचार कर लिया गया है;

अत:, अब, ऊर्जा संरक्षण अधिनियम, 2001 (2001 का 52) की धारा 13 की उपधारा (2) के खंड (ढ) और धारा 14 के खंड (घ) के साथ पठित धारा 58 की उपधारा (2) के खंड (i) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, ब्यूरो, केन्द्रीय सरकार के पूर्व अनुमोदन से, एतद्वारा निम्नलिखित विनियम बनाता है, अर्थात्: -

1. **संक्षिप्त नाम और प्रारंभ – (1)** इन विनियमों का संक्षिप्त नाम ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (इलेक्ट्रिक सीलिंग टाइप फैन के लेबल पर उनके प्रदर्शन का विवरण और रीति) विनियम, 2022 है।

(2) ये राजपत्र में उनके प्रकाशन की तारीख से प्रवृत्त होंगे।

2. परिभाषाएं – (1) इन नियमों में, जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो:-

(क) "अधिनियम" से ऊर्जा संरक्षण अधिनियम, 2001 (2001 का 52) अभिप्रेत है;

(ख) "इलेक्ट्रिक सीलिंग टाइप फैन" से अधिनियम की धारा 14 के खंड (ख) के अधीन अधिसूचित उपकरण अभिप्रेत है;

(ग) "फैमिली ऑफ मॉडल्स" से उन माडलों का समूह अभिप्रेत है जिसके लिए सभी निष्पादन मानदंड समान हों;

(घ) "प्ररूप" से इन विनियमों के साथ संलग्न प्ररूप अभिप्रेत है;

(ङ) "लेबल" से इलेक्ट्रिक सीलिंग टाइप फैन पर चिपकायी हुई अथवा प्रकाशित कोई लिखित, मुद्रित, मार्क्ड, स्टैंप्ड अथवा ग्राफिक सामग्री अभिप्रेत है;

(च) "लेबल अवधि" से अधिनियम की धारा 14 के खंड (क) के अधीन केन्द्रीय सरकार द्वारा अधिसूचित ऊर्जा खपत मानक के अधीन सेवा मान की वैधता अवधि अभिप्रेत है और यदि सेवा मान की समाप्ति अवधि निर्दिष्ट नहीं है, तो इसे तब तक वैध माना जाएगा जब तक कि केन्द्रीय सरकार द्वारा कोई सेवा मान निर्दिष्ट नहीं किया जाता;

(छ) "अनुज्ञापत्रधारी" से वह व्यक्ति अथवा अभिकरण अभिप्रेत है जिसे विनियम 7 के अधीन लेबल चिपकाने हेतु परमिट प्रदान किया गया है;

(ज) "अनुसूची" से इन विनियमों के साथ संलग्न अनुसूची अभिप्रेत है;

(झ) "स्टार रेटिंग या स्टार लेवल" से अधिनियम की धारा 14 के खंड (क) के अधीन केन्द्रीय सरकार द्वारा अधिसूचित सेवा मान के आधार पर इलेक्ट्रिक सीलिंग टाइप फैन के लेबल पर प्रदर्शित ऊर्जा दक्षता का ग्रेड अभिप्रेत है;

(ञ) किसी भी इलेक्ट्रिक सीलिंग टाइप फैन के संबंध में "व्यापारी या विक्रेता" से वह व्यक्ति अभिप्रेत है जो ऐसे पंखों का विक्रय अथवा वितरण करता है और इसमें दुकानदार, व्यापारी, विनिर्माता और अनुज्ञापत्रधारी शामिल हैं जिन्हें ऐसे इलेक्ट्रिक सीलिंग टाइप फैन पर लेबल चिपकाने की अनुमति दी गई है।

(2) ऐसे शब्द और अभिव्यक्तियां जो यहां प्रयोग किए गए और परिभाषित नहीं किए गए, किंतु अधिनियम में परिभाषित हैं उनका वही अर्थ होगा जो अधिनियम में उनके लिए दिया गया है।

3. लेबल पर प्रदर्शित किया जाने वाला विवरण- (1) प्रत्येक इलेक्ट्रिक सीलिंग टाइप फैन पर, इसके लेबल पर निम्नलिखित विवरण प्रदर्शित किया जाएगा, अर्थात्:-

(क) ऊर्जा दक्षता ब्यूरो का प्रतीक चिन्ह;

(ख) निर्माता अथवा आयातक और ब्रांड का नाम;

(ग) व्यापार का नाम और संख्या;

(घ) मॉडल और विनिर्माण अथवा आयात का वर्ष;

(ङ) यूनीक सीरीज़ कोड;

(च) पावर इनपुट वाट में;

(छ) एयर डिलिवरी घन मीटर/मिनट में;

(ज) सेवा मान घन मीटर/मिनट/वाट में;

(झ) इलेक्ट्रिक सीलिंग टाइप फैन का स्टार लेवल; और

(ञ) लेबल अवधि;

(2) लेबल का डिज़ाइन, रंग, आकार और सामग्री इन विनियमों के साथ संलग्न अनुसूची में विनिर्दिष्ट के अनुसार होगी।

4. लेबल प्रदर्शित करने के लिए समय सीमा - (1) प्रत्येक इलेक्ट्रिक सीलिंग टाइप फैन पर इन विनियमों के लागू होने की तारीख से छ: मास की अवधि के भीतर विनियम **3** में विनिर्दिष्ट समस्त विवरण सहित एक लेबल प्रदर्शित किया जाएगा।

(2) अधिनियम की धारा 14 के खंड (क) के अधीन केन्द्रीय सरकार द्वारा अधिसूचित संशोधित ऊर्जा खपत मानकों के प्रारंभ होने पर, प्रत्येक अनुज्ञापत्रधारी या व्यापारी या विक्रेता यह सुनिश्चित करेगा कि-

(क) विक्रय के लिए रखे गए इलेक्ट्रिक सीलिंग टाइप फैन पर संशोधित ऊर्जा खपत मानकों के साथ समकालिक करते हुए संशोधित स्टार लेवल और संशोधित लेबल अवधि प्रदर्शित किए जाएंगे और इलेक्ट्रिक सीलिंग टाइप फैन का विनिर्माण वर्ष भी ऐसे संशोधित ऊर्जा खपत मानकों के समकालिक होगा, और पिछले ऊर्जा खपत मानकों वाले इलेक्ट्रिक सीलिंग टाइप फैन का उत्पादन नहीं किया जाएगा;

(ख) इन विनियमों के अधीन, डीलरों, खुदरा विक्रेताओं और उपभोक्ताओं की जागरूकता, उनकी शिक्षा के लिए अपेक्षित प्रचार सहित सभी प्रारंभिक कदम सुनियोजित होंगे और अग्रिम रूप से ऐसे आरंभ की तारीख से तीन मास पूर्व उठाए जाएंगे।

5. लेबल प्रदर्शन की रीति - (1) प्रत्येक इलेक्ट्रिक सीलिंग टाइप फैन पर एक लेबल होगा जो विक्रय स्थान पर प्रदर्शित किया जाएगा और ऐसा लेबल इलेक्ट्रिक सीलिंग टाइप फैन पर निम्नलिखित तरीके से चिपकाया जाएगा, अर्थात्: -

(क) पैकेजिंग पर चिपकाया हुआ सेल्फ-एड्हेसिव अथवा प्रिंटेड लेबल;

(ख) मोटर पर चिपकाया हुआ सेल्फ-एड्हेसिव लेबल;

6. लेबल प्रदर्शन की अनुमति - (1) इलेक्ट्रिक सीलिंग टाइप फैन पर कोई भी स्टार लेबल ब्यूरो की पूर्वानुमति प्राप्त किए बिना नहीं लगाया जाएगा।

(2) उप-विनियम (1) के अधीन ब्यूरो की अनुमति प्राप्त करने के उद्देश्य से, रजिस्ट्री के लिए, प्ररूप I में यथानिर्दिष्ट प्रत्येक ब्रांड के लिए पृथक रूप से, ऑनलाइन अथवा भुगतान के किसी अन्य स्वीकार्य इलेक्ट्रॉनिक तरीके से देय एक लाख रुपये की लेबल प्रतिभूति जमा के साथ, आवेदन किया जाएगा:

परन्तु कि लघु उद्योग के मामले में, लेबल प्रतिभूति जमा केवल पच्चीस हजार रुपए होगा।

(3) उप-विनियम (2) के अधीन अनुज्ञापत्रधारी के प्रत्येक आवेदन के साथ निम्नलिखित संलग्न करना होगा —

(क) ऑनलाइन अथवा भुगतान के किसी अन्य स्वीकार्य इलेक्ट्रॉनिक तरीके से देय, दो हजार रुपए प्रति मॉडल का आवेदन शुल्क;

(ख) प्ररूप II में निर्दिष्ट दस्तावेज।

7. अनुमति प्रदान करना -(1) विनियम 6 के अधीन कोई आवेदन प्राप्त होने पर और संतुष्ट होने के बाद कि उसमें सभी अपेक्षाओं का पालन किया गया है, ब्यूरो, ऐसी प्राप्ति की तारीख से मानक एवं लेबलिंग संबंधी अपने संचालन मैनुअल में यथानिर्दिष्ट अवधि के भीतर, ऐसे निबंधन एवं शर्तों के अधीन हो सकता है जो विनियम 8 में विनिर्दिष्ट की गई हैं, -

(क) ब्रांड को प्ररूप III में अथवा इलेक्ट्रॉनिक रूप में रजिस्ट्रीकृत करे; अथवा

(ख) प्ररूप IV में अथवा इलेक्ट्रॉनिक प्ररूप में इलेक्ट्रिक सीलिंग टाइप फैन पर लेबल चिपकाने के लिए अनुमति प्रदान करे।

(2) ब्यूरो प्ररूप V में एक रजिस्टर रखेगा और इसमें अनुज्ञापत्रधारी का नाम दर्ज करेगा।

(3) उप-विनियम (1) के अधीन इस प्रकार प्रदान की गई अनुमति उस अवधि के लिए वैध रहेगी जब तक कि अधिनियम की धारा 14 के खंड (क) के अधीन केन्द्रीय सरकार द्वारा यथा अधिसूचित ऊर्जा खपत मानक द्वारा निर्दिष्ट स्टार लेवल लागू रहता है।

(4) अनुज्ञापत्रधारी द्वारा अनुमति के नवीनीकरण के लिए आवेदन इसकी समाप्ति से छ: मास पूर्व किया जा सकता है और इसके साथ ऑनलाइन अथवा भुगतान के किसी अन्य स्वीकार्य इलेक्ट्रॉनिक तरीके से देय एक हजार रुपये का शुल्क संलग्न किया जाएगा:

IndiaCode

परन्तु नवीनीकरण का कोई आवेदन, यदि इसकी समाप्ति से एक मास पूर्व किया जाता है, तो इसकी अनुमति नहीं दी जाएगी।

(5) वैधता अवधि की समाप्ति के बाद किसी आवेदन का नवीकरण नहीं किया जाएगा, ऐसे मामले में अनुज्ञापत्रधारी को नया आवेदन करना होगा।

(6) उपविनियम (4) के अधीन नवीकरण के लिए आवेदन प्राप्त होने पर और संतुष्ट होने के बाद कि सभी अपेक्षाओं का पालन किया गया है, ब्यूरो, ऐसी प्राप्ति की तारीख से एक मास की अवधि के भीतर, प्ररूप IV में अनुमति का नवीकरण कर सकता है।

(7) ऐसा अनुज्ञापत्रधारी जो इलेक्ट्रिक सीलिंग टाइप फैन के मौजूदा मॉडल पर संशोधित स्टार लेवल के लागू होने की तारीख से लेबल चिपकाना जारी रखना चाहता है, वह केवल प्ररूप VI में एक घोषणा प्रस्तुत करेगा।

(8) यदि संशोधित स्टार लेवल के साथ समक्रमिक करते हुए इलेक्ट्रिक सीलिंग टाइप फैन के नए मॉडल को शुरू करने की योजना है तो, अनुज्ञापत्रधारी को लेबल चिपकाने के लिए नए सिरे से अनुमति लेनी होगी, ऐसी अनुमति के लिए आवेदन अग्रिम रूप से संशोधित स्टार लेवल के लागू होने से छ: मास पूर्व करना होगा।

8. लेबल पर विवरण के प्रदर्शन के लिए निबंधन एवं शर्तें – प्रत्येक अनुज्ञापत्रधारी, व्यापारी और विक्रेता,-

(क) अधिनियम की धारा 14 के खंड (क) के अधीन अधिसूचित इलेक्ट्रिक सीलिंग टाइप फैन के लिए ऊर्जा खपत मानकों का पालन करेगा;

(ख) केवल इलेक्ट्रिक सीलिंग टाइप फैन के ऐसे मॉडलों पर ही लेबल चिपकाएगा जिसके लिए अनुमति प्रदान की गई है;

(ग) इलेक्ट्रिक सीलिंग टाइप फैन पर अनुज्ञापत्रधारी की लागत पर लेबल चिपकाएगा;

(घ) सुनिश्चित करेगा कि इलेक्ट्रिक सीलिंग टाइप फैन के लेबल पर प्रदर्शित स्टार लेवल सदैव अनुरक्षित किया जाएगा;

(ङ) विनियम 9 में यथा विनिर्दिष्ट लेबल शुल्क का भुगतान करेगा;

(च) ब्यूरो को एक विवरण प्रस्तुत करेगा जिसमें वित्तीय वर्ष की प्रत्येक तिमाही की समाप्ति से अगले मास के भीतर प्रत्येक तिमाही के लिए देय लेबलीकृत उपकरणों के उत्पादन और उपार्जित लेबलिंग शुल्क के ब्यौरे दिए गए हों;

(छ) ब्यूरो को प्रत्येक वर्ष के 30 अप्रैल तक अपने लेबलीकृत उत्पादों के विक्रय के लिए नियुक्त प्राधिकृत वितरकों, डीलरों, खुदरा विक्रेताओं, विक्रेताओं की अद्यतन सूची प्रस्तुत करेगा;

(ज) ब्यूरो के मानकों एवं लेबलिंग संबंधी प्रचालन मैनुअल में निहित निबंधन एवं शर्तों सहित ब्यूरो द्वारा निर्दिष्ट ऐसी अन्य निबंधन एवं शर्तों का पालन करेगा।

9. लेबल शुल्क - (1) प्रत्येक अनुज्ञापत्रधारी इलेक्ट्रिक सीलिंग टाइप फैन पर चिपकाए गए प्रत्येक लेबल के लिए एक रुपए के लेबल शुल्क का भुगतान करेगा;

(2) उप-विनियम (1) के अधीन विनिर्दिष्ट लेबल शुल्क का भुगतान वार्षिक रूप से प्रत्येक वित्तीय वर्ष की समाप्ति की तारीख से एक मास के भीतर किया जाएगा:

परन्तु ऐसी विनिर्दिष्ट अवधि के भीतर लेबल शुल्क के भुगतान में विफल रहने पर, ब्यूरो, देय राशि की, विनियम 6 के उपविनियम (2) के अधीन भुगतान किए गए लेबल प्रतिभूति जमा से, उस पर दस प्रतिशत प्रति वर्ष की दर से ब्याज सहित वसूली करेगा और यदि प्रस्तुत किए जाने की अंतिम तारीख के एक वर्ष के भीतर संपूर्ण लेबलिंग शुल्क वसूल नहीं कर लिया जाता तो, ब्यूरो अनुज्ञापत्रधारी को प्रदान किए गए लेबलों को रद्द कर देगा और उसका नाम राष्ट्रीय अथवा क्षेत्रीय दैनिक समाचार पत्रों और इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों में चूककर्ता के रूप में प्रकाशित करेगा।

10. लेबल प्रतिभूति जमा की वापसी – विनियम 9 के उपविनियम (2) के उपबंधों के अधीन, अनुज्ञापत्रधारी, इलेक्ट्रिक सीलिंग टाइप फैन का विनिर्माण बंद करने पर, लेबल सुरक्षा जमा की वापसी का पात्र होगा।

11. ब्यूरो द्वारा सत्यापन - (1) ब्यूरो या इसकी नामनिर्दिष्ट एजेंसी द्वारा, स्वत: संज्ञान लेते हुए अथवा कोई शिकायत प्राप्त होने पर, यह सुनिश्चित करने के लिए कि इलेक्ट्रिक सीलिंग टाइप फैन स्टार लेवल और उसके लेबल पर प्रदर्शित अन्य विवरणों के अनुरूप है और वह अनुमति के अन्य निबंधन एवं शर्तों का पालन करता है, इसका सत्यापन किया जा सकता है।

(2) सत्यापन के प्रयोजनार्थ, ब्यूरो या इसकी नामनिर्दिष्ट एजेंसी, जैसा उचित समझे, विनिर्माण सुविधा, गोदाम या खुदरा आउटलेट से क्रमरहित रूप से नमूने उठा सकती है।

(3) जहां ब्यूरो के लिए, उपविनियम (1) के अधीन प्राप्त शिकायत पर, परीक्षण और अंशशोधन प्रयोगशालाओं के लिए राष्ट्रीय प्रत्यायन बोर्ड द्वारा विधिवत मान्यता प्राप्त स्वतंत्र प्रयोगशाला में इलेक्ट्रिक सीलिंग टाइप पंखे के आपत्ति परीक्षण द्वारा सत्यापन किया जाना अपेक्षित है, -

(क) ब्यूरो अनुज्ञापत्रधारी को ऐसा परीक्षण करने के लिए एक नोटिस जारी करेगा और शिकायतकर्त्ता को ब्यूरो द्वारा निर्धारित समय-सीमा के भीतर, परीक्षण, परिवहन तथा अन्य प्रासंगिक व्ययों से संबंधित ऐसे व्ययों को ब्यूरो के पास जमा करने को कहा जाएगा;

(ख) यदि आपत्ति परीक्षण के अधीन लिया गया नमूना विफल हो जाता है, तो अनुज्ञापत्रधारी ब्यूरो को नमूने की लागत, नमूने के परिवहन और परीक्षण शुल्क संबंधी सभी व्ययों की प्रतिपूर्ति करेगा और ब्यूरो शिकायतकर्ता को उक्त व्यय वापस लौटाएगा; और

(ग) जहां उपकरण आपत्ति परीक्षण में पास हो जाता है, तो शिकायतकर्ता द्वारा जमा किया गया व्यय जब्त कर लिया जाएगा।

(4) जहां, उपविनियम (1) के अधीन शिकायत प्राप्त होने पर, यदि अनुज्ञापत्रधारी ऐसे समय के भीतर उपविनियम (3) में विनिर्दिष्ट ऐसे व्ययों को जमा करने में विफल रहता है, तो ब्यूरो-

(i) उपविनियम (3) में संदर्भित इलेक्ट्रिक सीलिंग टाइप फैन का आपत्ति परीक्षण करते हुए सत्यापन जारी रखेगा; और

(ii) विनियम 6 के अधीन प्राप्त आवेदन की प्रक्रिया ऐसे व्ययों के जमा किए जाने तक आस्थगित रखी जाएगी।

(5) जहां स्वत: संज्ञान द्वारा परीक्षण अथवा आपत्ति परीक्षण के दौरान परीक्षण के लिए प्रयोग किए गए इलेक्ट्रिक सीलिंग टाइप फैन के नमूने परीक्षण में विफल हो जाते हैं, तो ब्यूरो अनुज्ञापत्रधारी को एक और अवसर प्रदान करेगा और ब्यूरो अनुज्ञापत्रधारी की लागत पर परीक्षण और अंशशोधन प्रयोगशालाओं के लिए राष्ट्रीय प्रत्यायन बोर्ड द्वारा विधिवत मान्यता प्राप्त स्वतंत्र प्रयोगशाला में पहले परीक्षण में प्रयुक्त इलेक्ट्रिक सीलिंग टाइप फैन की दोगुनी मात्रा पर दूसरा परीक्षण संचालित करेगा।

(6) जहां दूसरा परीक्षण विफल हो जाता है तो, ब्यूरो,-

(क) सभी राज्य नामनिर्दिष्ट एजेंसियों को सूचित करते हुए, प्ररूप VII में अनुज्ञापत्रधारी को निदेश देगा कि अनुज्ञापत्रधारी दो मास की अवधि के भीतर,-

(i) इलेक्ट्रिक सीलिंग टाइप फैन की पैकेजिंग और मोटर पर चिपकाए गए लेबल पर प्रदर्शित स्टार लेवल को सही करे अथवा परीक्षण के दौरान पाए गए दोषों और कमियों को दूर करे;

(ii) ब्यूरो के निदेशों का पालन करने के लिए बाजार से समस्त स्टॉक वापस ले; और

(iii) विज्ञापन सामग्री पर प्रदर्शित विवरणों को बदले;

IndiaCode

(ख) दो मास के भीतर किसी राष्ट्रीय अथवा प्रादेशिक दैनिक समाचार पत्र में और किसी इलेक्ट्रॉनिक माध्यम में अथवा जैसे उचित समझें वैसे किसी अन्य रीति से अनुज्ञापत्रधारी का नाम, ब्रांड नाम, मॉडल नाम अथवा मॉडल नंबर, प्रतीक चिन्ह एवं अन्य विनिर्देशनों को प्रकाशित करेगा;

(ग) अधिनियम की धारा 27 के अधीन अनुज्ञापत्रधारी और व्यापारी के विरुद्ध आगे अधिनिर्णयन कार्यवाही शुरू करने हेतु संबंधित राज्य अभिहित अभिकरण को सूचित करेगा।

(7) अनुज्ञापत्रधारी, उप-विनियम (6) में निर्दिष्ट दो मास की अवधि समाप्त होने के दस दिन के भीतर,-

(क) निदेश के अनुपालन में की गई कार्रवाई के संबंध में ब्यूरो को प्ररूप VIII में अनुपालन रिपोर्ट भेजेगा; और

(ख) यदि विनिर्दिष्ट अवधि के भीतर खंड (क) में निर्दिष्ट अनुपालन रिपोर्ट प्राप्त नहीं होती अथवा किसी निदेश का अनुपालन किए बिना प्राप्त होती है तो, इसे जारी निदेशों का अनुपालन नहीं किया गया माना जाएगा और ब्यूरो द्वारा इसके लिए आदेश पारित किया जाएगा।

(8) ब्यूरो उप-विनियम (7) के खंड (क) में निर्दिष्ट अनुपालन रिपोर्ट की प्रति और खंड (ख) में पारित आदेशों की प्रति आवश्यक दस्तावेजों सहित अधिनियम की धारा 17 के अधीन कार्रवाई करने और कथित उप-विनियम के खंड (ख) के अधीन पारित आदेशों पर अमल करने के उद्देश्य से सभी राज्य अभिहित अभिकरणों को भेजेगा।

(9) जहां अनुज्ञापत्रधारी उप-विनियम (6) के अधीन ब्यूरो द्वारा जारी निदेशों का पालन करने में विफल रहता है तो, ब्यूरो सभी राज्य नामित अभिकरणों को सूचित करते हुए-

(क) विनियम 7 के उप-विनियम (1) के अधीन अनुज्ञापत्रधारी को प्रदान की गई अनुमति वापस ले लेगा;

(ख) केन्द्रीय सरकार द्वारा अधिनियम की धारा 14 के खंड (ग) के अधीन विचार करने और कार्रवाई करने के लिए, अधिनियम की धारा 14 के खंड (क) के अधीन केन्द्रीय सरकार द्वारा अधिसूचित ऊर्जा खपत मानकों, उपविनियम (7) के खंड (क) में निर्दिष्ट ब्यूरो के निदेशों के पालन में अनुज्ञापत्रधारी की विफलता के समर्थन में परीक्षण रिपोर्ट सहित, केन्द्रीय सरकार को रिपोर्ट भेजेगा;

(ग) दो मास के भीतर किसी राष्ट्रीय अथवा क्षेत्रीय दैनिक समाचार पत्र में और किसी इलेक्ट्रॉनिक माध्यम में अथवा जैसे उचित समझें वैसे किसी अन्य रीति से अनुज्ञापत्रधारी का नाम, ब्रांड नाम, मॉडल नाम अथवा मॉडल नंबर, प्रतीक चिन्ह एवं अन्य विनिर्देशों को प्रकाशित करेगा;

(घ) अधिनियम की धारा 27 के अधीन अनुज्ञापत्रधारी और व्यापारी के विरुद्ध आगे अधिनिर्णयन कार्यवाही शुरू करने हेतु संबंधित राज्य नामित अभिकरण को सूचित करेगा।

12. अनुज्ञा रद्द करना – ब्यूरो विनियम 7 के अधीन प्रदान की गई अनुमति रद्द कर सकता है, यदि अनुज्ञापत्रधारी —

(क) विनियम 8 के अधीन निर्दिष्ट किन्हीं निबंधन एवं शर्तों का पालन करने में विफल रहता है;

(ख) विनियम 9 के अधीन निर्दिष्ट अवधि के भीतर लेबल शुल्क का भुगतान करने में विफल रहता है;

(ग) विनियम 11 के अधीन जारी निदेशों का पालन करने में विफल रहता है;

परंतु यह कि अनुज्ञापत्रधारी को मामले में सुनवाई का अवसर दिए बिना कोई अनुमति रद्द नही की जाएगी।

अभय बाकरे, महानिदेशक

[विज्ञापन III/4/असा./85/2022-23]

अनुसूची


[विनियम 3 का उप-विनियम (2) देखें]

इलेक्ट्रिक सीलिंग टाइप फैन के लेबलों पर प्रदर्शित किए जाने वाले विवरण।


1. लेबल की डिजाइन

(i) आयाम:

(क) पैकेजिंग पर चिपकाए जाने वाले लेबल का आयाम:



(ख) सीलिंग फैन मोटर पर चिपकाए जाने वाले लेबल का आयाम:




(ii) लेबल के लिए कलर स्कीम :

नेवी ब्ल्यू – सी: 97, एम:95 , वाई:6 , के:1

हरा – सी: 81 , एम: 10 , वाई:90 , के:1

टिप्पणी: ब्यूरो के प्रतीक चिन्ह का अधोभाग और स्टार फिलर केवल हरे रंग में और सभी फॉन्ट एवं ब्यूरो के प्रतीक चिन्ह का शीर्ष नेवी ब्ल्यू होंगे



(iii) ऊर्जा दक्षता ब्यूरो के प्रतीक चिन्ह की कलर स्कीम:

नीला –

ह्यू(एच)**-239º** सेचुरेशन(एस)**:64%** ब्राइटनेस(बी)**:59%**

ल्यूमिनेंस अथवा लाइटनेस **(**एल**) :28,** क्रोमैटिक घटक **-**ए**:24** बी**:54**

लाल (आर): 54 हरा (जी): 55 नीला (बी): 151

सियान (सी): 97% मैजेंटा (एम): 95% पीला (वाई): 6% काला (के): 1%

वेब कलर कोड - **#**363797

हरा -

ह्यू (एच) -150**o** सेचुरेशन (एस): 10% ब्राइटनेस (बी): 67%


ल्यूमिनेंस अथवा लाइटनेस (एल): 61**,** क्रोमैटिक घटक-ए:-53 बी:32

लाल (आर): 0 हरा (जी): 170 नीला (बी): 87

सियान (सी): 81% मैजेंटा (एम): 10% पीला (वाई): 90% काला (के): 1%

वेब कलर कोड - **#**00एए56**;**

(iv) इलेक्ट्रिक सीलिंग टाइप फैन के लिए प्रिंटेड लेबल का पूर्ण नमूना:



2. लेबल सामग्री

लेबल स्वयं चिपक योग्य होगा और इलेक्ट्रिक सीलिंग टाइप पंखे पर चिपका होगा और लेबल के लिए आयाम डिजाइन स्कीम में दर्शायी गई आउटलाइन में से किसी एक से काट दिया जाएगा।

प्ररूप I

[विनियम 6 का उप-विनियम (2) *देखें*]

(कंपनी के लेटर हेड पर मुद्रित किया जाना है)

ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (इलेक्ट्रिक सीलिंग टाइप फैन के लेबल पर उनके प्रदर्शन का विवरण और रीति) विनियम, 2022 के अधीन इलेक्ट्रिक सीलिंग टाइप फैन के ब्रांड के रजिस्ट्रीकरण हेतु आवेदन

महानिदेशक

ऊर्जा दक्षता ब्यूरो,

(विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार)

चौथा तल, सेवा भवन,

सेक्टर-I, आर.के. पुरम, नई दिल्ली - 110066

भारत।

1. मैं/हम इलेक्ट्रिक सीलिंग टाइप फैन के निर्माता हैं और ..... (व्यक्ति या फर्म का पूरा नाम) की स्टाइल के अधीन ..... (पूरा व्यावसायिक पता) में कारोबार कर रहे हैं। मैं/हम एतद्वारा ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (इलेक्ट्रिक सीलिंग टाइप फैन पर उनके लेबल के प्रदर्शन का विवरण और रीति) विनियम, 2022 में ब्यूरो द्वारा यथानिर्दिष्ट इलेक्ट्रिक सीलिंग टाइप फैन पर लेबल चिपकाने की अनुमति हेतु आवेदन करता हूं/करते हैं।

2. उपकरणों, कंपनी, विनिर्माण सुविधा तथा भुगतान से संबंधित सूचना के ब्यौरे उपाबंध क-I में दिए गए हैं। फर्म अथवा सोसायटी रजिस्ट्रार/उद्योग निदेशक (लघु यूनिटों के मामले में) द्वारा जारी निगमन प्रमाणपत्र अथवा फर्म तथा इसके विनिर्माण परिसरों के नाम अधिप्रमाणित करते हुए अन्य समान दस्तावेजों की फोटो प्रति संलग्न है।

(क) आवेदक/अधिकृत व्यक्ति:..... (नाम और पदनाम) कंपनी/फर्म आदि की ओर से यह आवेदन करने हेतु प्राधिकृत है और इस आवेदन के साथ दी गई जानकारी की सटीकता के लिए उत्तरदायी होगा।

(ख) संपर्क व्यक्ति: .... (नाम और पदनाम) इस आवेदन और लेबल के प्रयोग के संबंध में ब्यूरो के साथ समन्वय के लिए प्राधिकृत संपर्क व्यक्ति है।

(ग) मैं/हम उक्त (क) अथवा (ख) में परिभाषित प्राधिकृत व्यक्तियों में किसी परिवर्तन से ब्यूरो को अवगत कराने का वचन देता हूं/देते हैं।

3. मेरे/हमारे सर्वोत्तम ज्ञान एवं अनुमान के अनुसार उक्त उपकरणों के उत्पादन और विक्रय के आंकड़े और उनके मूल्य निम्नानुसार हैं:

वर्ष	**उत्पादन**	**विक्रय**	**उपकरण का एमआरपी (रु.)**
विगत वर्ष ..... से .....तक चालू वर्ष ..... से ..... तक (अनुमान)			

IndiaCode

4. एक लाख रुपये या पच्चीस हजार रुपये की लेबल प्रतिभूति जमा राशि का भुगतान इंवॉयस संख्या ..... द्वारा ऑनलाइन या किसी स्वीकार्य इलेक्ट्रॉनिक मोड के माध्यम से किया गया है (केवल लेबल प्रतिभूति जमा प्रस्तुत करते समय भरा जाना है)।

5. मैं/हम ब्यूरो द्वारा निर्दिष्ट लेबलिंग शुल्क का भुगतान करने हेतु सहमत हूं/हैं।

6. मैं/हम ब्यूरो द्वारा निर्दिष्ट सभी निबंधन एवं शर्तों का पालन करने और ब्यूरो द्वारा की जाने वाली किसी भी जांच की स्थिति में आवश्यक सहायता/सहयोग प्रदान करने हेतु सहमत हूं/हैं।

7. मैं/हम ब्यूरो को सत्यापन तथा आपत्ति परीक्षण के लिए नमूने का चयन करने हेतु प्राधिकृत करते हैं और इस संबंध में ब्यूरो के निदेशों का पालन करने के लिए सहमत हैं।

8. मैं/हम वचन देते हैं कि इस आवेदन में दी गई जानकारी मेरे सर्वोत्तम ज्ञान के अनुसार सही है, और यदि यहां दी गई कोई भी सूचना गलत पाई जाती है तो; आवेदन को तत्काल रद्द किया जा सकता है।

तारीख

हस्ताक्षर .....

नाम .....

पदनाम .....

..... की ओर से

(फर्म का नाम)

फर्म की मुहर

उपाबंध क - I

[प्ररूप I का पैरा 2 *देखें*]

1. कंपनी का विवरण

कंपनी का नाम	
पता	
पिन कोड	
राज्य	
दूरभाष संख्या	
फैक्स संख्या	
ई-मेल	
वेबसाइट	
रजिस्ट्रीकरण के समर्थन में संलग्नक: **1.** विनिर्माण अथवा व्यापार परिसर के नाम व पते को अधिप्रमाणित करने वाला दस्तावेज **2.** ट्रेड मार्क प्रमाणपत्र **3.** एसएसआई प्रमाणपत्र, यदि लागू हो **4.** गुणवत्ता प्रबंध प्रणाली प्रमाणपत्र **5.** प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्त्ता पत्र **6.** बीआईएस अनुज्ञप्ति, यदि लागू हो **7.** डिमाण्ड ड्राफ्ट (प्रतिभूति जमा)/यदि भुगतान ऑनलाइन किया गया हो तो, भुगतान की रसीद	हां/नहीं

IndiaCode

2. विनिर्माण परिसर का विवरण (यदि एक से अधिक विनिर्माण सुविधाएं हों तो एक अलग सारणी उपलब्ध कराई जाए)

विनिर्माण सुविधा का नाम	
पता	
पिन कोड	
राज्य/देश	
दूरभाष संख्या	
फैक्स संख्या	
ई-मेल	
वेबसाइट	
कोई अन्य विवरण (यदि कोई हो)	

हस्ताक्षर .....

नाम .....

पदनाम .....

..... की ओर से

(फर्म का नाम**)**

फर्म की मुहर

प्ररूप II

[विनियम 6 का उप-विनियम (3) *देखें*]

ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (इलेक्ट्रिक सीलिंग टाइप फैन के लेबल पर उनके प्रदर्शन का विवरण और पद्धति) विनियम, 2022 के अधीन इलेक्ट्रिक सीलिंग टाइप फैन पर लेबल चिपकाने की अनुमति हेतु आवेदन

महानिदेशक

ऊर्जा दक्षता ब्यूरो,

(विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार)

4थी मंजिल, सेवा भवन,

सेक्टर-I, आर.के. पुरम, नई दिल्ली - 110066

भारत।

1. मैं/हम ब्रांड नाम ..... (ब्रांड का नाम) के अधीन इलेक्ट्रिक सीलिंग टाइप फैन के रजिस्ट्रीकृत निर्माता हूं/हैं और ऊर्जा दक्षता ब्यूरो द्वारा जारी यूनीक लेबल सीरीज़ कोड ..... है।

2. उपर्युक्त उपकरण द्वारा ब्रांड नाम ..... में .....(कंपनी का नाम) द्वारा विनिर्मित अथवा आयात किया जाता है और ..... (कारखाने का नाम और पता) में विनिर्मित किया जाता है।

3. उपकरण, परीक्षण उत्पादों के प्रमाणीकरण, लेबल और भुगतान के संबंध में विस्तृत जानकारी उपाबंध क- II में दी गई है और संबंधित फोटोकॉपियां संलग्न हैं।

4. मानकों का अनुपालन : मैं/हम ..... (उपकरण का नाम) के लिए .....(अधिसूचना का शीर्षक) संबंधी अधिसूचना में यथानिर्दिष्ट गुणवत्ता प्रणाली ..... (मानक का नाम और संख्या) के संबंध में भारतीय मानक ब्यूरो/अन्य अंतर्राष्ट्रीय मानकों का पालन करता हूं/करते हैं।

   मैंने/हमने अपनी आंतरिक प्रयोगशाला _____ अथवा स्वतंत्र प्रयोगशाला _____ (प्रयोगशाला का नाम और पता) में परीक्षण की व्यवस्था की है, जो राष्ट्रीय परीक्षण और अंशशोधन प्रयोगशाला प्रत्यायन बोर्ड (एनएबीएल) अथवा इंटरनेशनल लेबोरेटरी एक्रेडिटेशन कोऑपरेशन (आईएलएसी) अथवा एशिया पैसिफिक लेबोरेटरी एक्रिडिटेशन कोऑपरेशन (एपीएलएसी) अथवा उपकरण की गुणवत्ता के साथ-साथ एस. ओ. ..... में यथानिर्दिष्ट संबंधित भारतीय मानक/अंतर्राष्ट्रीय मानक संगठन/अंतर्राष्ट्रीय इलेक्ट्रो टेक्निकल आयोग के मानकों के प्रयोजन में अनुरूपता सुनिश्चित करने वाले समकक्ष निकायों द्वारा मान्यता प्राप्त है।

   प्रयोगशाला के विवरण:

   (क) प्रत्यायन बोर्ड:

   (ख) प्रत्यायन की स्थिति:

   (i) प्रयोगशाला के लिए: (हां/नहीं)

   (ii) परीक्षण मानकों के लिए: (सबंधित उत्पाद मानक का नाम/संख्या निर्दिष्ट करें)

   (ग) ऊर्जा दक्षता ब्यूरो का अनुमोदन:

5. (क) दो हजार रुपए ..... के आवेदन शुल्क का भुगतान तारीख ..... को ऑनलाइन/इलेक्ट्रॉनिक तरीके से कर दिया गया है।

6. मै/हम ब्यूरो द्वारा यथानिर्दिष्ट 1 रुपया प्रति लेबल के लेबलिंग शुल्क का भुगतान करने हेतु सहमत हूं/हैं।

IndiaCode

7. मैं/हम ब्यूरो द्वारा निर्दिष्ट समस्त निबंधन एवं शर्तों का पालन करने और ब्यूरो द्वारा कोई जांच किए जाने की स्थिति में उसे आवश्यक सहायता/सहयोग प्रदान करने हेतु सहमत हूं/हैं।

8. मैं/हम ऊर्जा दक्षता ब्यूरो को सत्यापन और आपत्ति परीक्षण के लिए नमूने का चयन करने के लिए प्राधिकृत करता हूं/करते हैं और इस संबंध में ब्यूरो के निदेशों का पालन करने हेतु सहमत हूं/हैं।

9. मैं/हम वचन देते हैं कि इस आवेदन में दी गई जानकारी मेरे सर्वोत्तम ज्ञान के अनुसार सही है, और यदि यहां दी गई कोई भी सूचना गलत पाई जाती है तो; आवेदन को तत्काल रद्द किया जा सकता है।

तारीख

हस्ताक्षर .....

नाम .....

पदनाम .....

..... की ओर से

(फर्म का नाम)

फर्म की मुहर

IndiaCode

उपाबंध क- II

[प्ररूप II का पैरा 3 *देखें*]

सूचना का विवरण

1. उत्पाद/उपकरण का विवरण

1.1 साधारण (यथालागू विवरण पूरे करें)

उपकरण और प्रकार
ब्रांड का नाम
मॉडल का नाम और संख्या
रेटेड वोल्टेज अथवा वोल्टेज रेंज
रेटेड पावर आउटपुट (वाट)
रेटेड एयर डिलिवरी (घन मीटर/मिनट)
रेटेड सर्विस वैल्यू (घन मीटर/मिनट/वाट)
स्टार रेटिंग

1.2 तकनीकी विवरण (यथालागू विवरण पूरे करें)

क) परीक्षित मान:

क्र. सं.	मापित मान		रेटेड मान	
1.	मापित पावर इनपुट (वाट)		रेटेड पावर इनपुट (वाट)	
2.	मापित एयर डिलिवरी (घन मीटर/मिनट)		रेटेड एयर डिलिवरी (घन मीटर/मिनट)	
3.	मापित सर्विस वैल्यू (घन मीटर/मिनट/वाट)		रेटेड सर्विस वैल्यू (घन मीटर/मिनट/वाट)	

2. परीक्षण प्रयोगशाला के ब्यौरे

परीक्षण प्रयोगशाला का नाम	
प्रत्यायन प्रास्थिति **(i)** प्रयोगशाला के लिए **(ii)** सुसंगत मानकों के लिए (प्रत्यायन प्रमाणपत्र की प्रति संलग्न करें)	हां/नहीं
प्रत्यायन की विधिमान्यता (समर्थन में दस्तावेज संलग्न करें)	
पता	
पिन कोड	
राज्य	
दूरभाष संख्या	
फैक्स संख्या	
ई-मेल	
वेब साइट	

IndiaCode


3. लेबल लगाने से संबंधित सूचना

आरंभ होने की तारीख	
बीईई के लिए आवेदित लेबलों की संख्या पहले वर्ष के लिए – दूसरे वर्ष के लिए - तीसरे वर्ष के लिए -	
उत्पाद क्रम संख्या	_____ से _____ तक

4. मॉडल के ब्यौरे:

मॉडल	**मॉडल का नाम/मॉडल संख्या**

5. इलेक्ट्रिक सीलिंग टाइप फैन पर चिपकाए जाने वाले लेबल का नमूना नीचे दर्शाया गया है:



तारीख

हस्ताक्षर .....

नाम .....

पदनाम .....

..... की ओर से

(फर्म का नाम)

फर्म की मुहर

प्ररूप III

[विनियम 7 के उपविनियम (1) का खंड (क) *देखें*]

ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (इलेक्ट्रिक सीलिंग टाइप फैन के लेबल पर उनके प्रदर्शन का विवरण और रीति) विनियम, 2022 के अधीन इलेक्ट्रिक सीलिंग टाइप फैन के ब्रांड के रजिस्ट्रीकरण के लिए अनुमति

नई दिल्ली, तारीख .....

प्रति

.....

.....

.....

1. ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (इलेक्ट्रिक सीलिंग टाइप फैन के लेबल पर उनके प्रदर्शन का विवरण और रीति) विनियम, 2022 के विनियम 7 के उपबंधों के अनुसरण में, ब्यूरो आपको इस पत्र के उपाबंध क-III में उपवर्णित अनुमोदन के ब्यौरों के अनुसार अपने ब्रांड के रजिस्ट्रीकरण की अनुमति देता है।

IndiaCode

2. यह अनुमति निम्निलिखित के अधीन है—

(क) इलेक्ट्रिक सीलिंग टाइप फैन के लेबल पर प्रदर्शित स्टार लेवल अधिनियम की धारा 14 के खंड (क) के अधीन अधिसूचित इलेक्ट्रिक सीलिंग टाइप फैन के लिए ऊर्जा खपत मानकों तथा पूर्वोक्त विनियमों में उपबंधित निबंधन और शर्तों के अनुरूप होगा।

(ख) यह लेबल केवल इलेक्ट्रिक सीलिंग टाइप फैन के उस मॉडल पर ही चिपकाया जाएगा जिसके लिए अनुमति प्रदान की गई है;

(ग) इलेक्ट्रिक सीलिंग टाइप फैन पर यह लेबल अनुज्ञापत्रधारी की लागत पर छपवाया और चिपकाया जाएगा।

(घ) अनुज्ञापत्रधारी सुनिश्चित करेगा कि इलेक्ट्रिक सीलिंग टाइप फैन पर प्रदर्शित स्टार लेवल हमेशा बनाए रखा जाएगा;

(ङ) अनुज्ञापत्रधारी ब्यूरो द्वारा यथाविनिर्दिष्ट लेबल शुल्क का भुगतान करेगा;

(च) अनुज्ञापत्रधारी वित्तीय वर्ष की प्रत्येक तिमाही की समाप्ति के अगले मास के भीतर ब्यूरो को लेबल लगाए गए उपकरण के उत्पादन और प्रत्येक तिमाही के लिए उपार्जित लेबलिंग शुल्क के ब्यौरे का एक विवरण प्रस्तुत करेगा। इन ब्यौरों को ब्यूरो को ऑनलाइन प्रणाली के माध्यम से भी प्रस्तुत किया जाएगा;

(छ) अनुज्ञापत्रधारी जिस इलेक्ट्रिक सीलिंग टाइप फैन के लिए अनुमति प्रदान की गई है, उसके बारे में ब्यूरो द्वारा मांगे गए अन्य ब्यौरे उपलब्ध कराएगा।

3. अनुज्ञापत्रधारी विधिमान्य अवधि के दौरान ब्यूरो के पूर्व अनुमोदन के सिवाय रजिस्ट्रीकृत ब्रांड ..... और इलेक्ट्रिक सीलिंग टाइप फैन को बाजार से वापस नहीं लेगा।

4. इस ब्रांड के लिए ऊर्जा दक्षता ब्यूरो द्वारा दिया गया विशिष्ट लेबल श्रृखंला कोड ..... है और इसे अनुमोदित डिजाइन के अनुसार लेबल पर दर्शाया जाना चाहिए।

5. ..... को हस्ताक्षरित, मुहरबंद और तारीखी .....दिन .....मास .....वर्ष

भवदीय

(सचिव)

ऊर्जा दक्षता ब्यूरो

उपाबंध क- III

[प्ररूप III पैरा 1 *देखें*]

अनुमोदनों का विवरण

1. कंपनी के ब्यौरे

कंपनी का नाम	
पता	
पिन कोड	
राज्य	
दूरभाष संख्या	
फैक्स संख्या	
ई-मेल	
वेब साइट	

IndiaCode

2. रजिस्ट्रीकृत ब्रांड का नाम:

3. विशिष्ट श्रृंखला कोड:

4. अन्य ब्यौरे (यदि लागू हो):

तारीख .....

भवदीय

(सचिव)

ऊर्जा दक्षता ब्यूरो

प्ररूप IV

[विनियम 7 के उपविनियम (1) का खंड (ख) और उपविनियम (6) *देखें*]

ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (इलेक्ट्रिक सीलिंग टाइप फैन के लेबल पर उनके प्रदर्शन का विवरण और रीति) विनियम, 2022 के अधीन इलेक्ट्रिक सीलिंग टाइप फैन पर लेबल चिपकाने हेतु अनुमति/अनुमति का नवीकरण

नई दिल्ली, तारीख .....

प्रति

.....

.....

.....

IndiaCode

1. ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (इलेक्ट्रिक सीलिंग टाइप फैन के लेबल पर उनके प्रदर्शन का विवरण और रीति) विनियम, 2022 के विनियम 7 के उपबंधों के अनुसरण में, ब्यूरो आपको इस पत्र के उपाबंध क - IV में उपवर्णित अनुमोदन के ब्यौरों के अनुसार मुहर लगाने और छपवाने या लेबल चिपकाने की अनुमति देता है।

2. यह अनुमति निम्निलिखित के अधीन है—

(क) इलेक्ट्रिक सीलिंग टाइप फैन के लेबल पर प्रदर्शित स्टार लेवल अधिनियम की धारा 14 के खंड (क) के अधीन अधिसूचित इलेक्ट्रिक सीलिंग टाइप फैन के लिए ऊर्जा खपत मानकों तथा पूर्वोक्त विनियमों में उपबंधित निबंधन और शर्तों के अनुरूप होगा।

(ख) यह लेबल केवल इलेक्ट्रिक सीलिंग टाइप फैन के ऐसे मॉडल पर ही चिपकाया जाएगा जिसके लिए अनुमति प्रदान की गई है;

(ग) इलेक्ट्रिक सीलिंग टाइप फैन पर यह लेबल अनुज्ञापत्रधारी की लागत पर छपवाया और चिपकाया जाएगा।

(घ) अनुज्ञापत्रधारी सुनिश्चित करेगा कि इलेक्ट्रिक सीलिंग टाइप फैन पर प्रदर्शित स्टार लेवल हमेशा बनाए रखा जाएगा;

(ङ) अनुज्ञापत्रधारी 1 रुपया प्रति लेबल के लेबल शुल्क का भुगतान करेगा;

(च) अनुज्ञापत्रधारी वित्तीय वर्ष की प्रत्येक तिमाही की समाप्ति के अगले मास के भीतर ब्यूरो को लेबल लगाए गए उपकरण के उत्पादन और प्रत्येक तिमाही के लिए उपार्जित लेबलिंग शुल्क के ब्यौरे का एक विवरण प्रस्तुत करेगा। इन्हीं ब्यौरों को ब्यूरो को ऑनलाइन प्रणाली के माध्यम से भी प्रस्तुत किया जाएगा;

(छ) अनुज्ञापत्रधारी को जिस इलेक्ट्रिक सीलिंग टाइप फैन के लिए अनुमति प्रदान की गई है, उसके बारे में ब्यूरो द्वारा मांगे गए अन्य ब्यौरे उपलब्ध कराएगा।

3. यह अनुमति ..... से ..... तक विधिमान्य रहेगी और यथाविहित नवीकृत की जा सकती है। अनुज्ञापत्रधारी विधिमान्य अवधि के दौरान ब्यूरो के पूर्व अनुमोदन के सिवाय इलेक्ट्रिक सीलिंग टाइप फैन को बाजार से वापस नहीं लेगा।

4. ..... को हस्ताक्षरित, मुहरबंद और तारीखी .....दिन .....मास .....वर्ष

भवदीय

(सचिव)

ऊर्जा दक्षता ब्यूरो

उपाबंध क-IV

[प्ररूप IV का पैरा 1 देखें]

अनुमोदन के ब्यौरे

1. **उपकरण के ब्यौरे**

(क) ब्रांड:

(ख) मॉडल ब्यौरे:

मॉडल	**मॉडल नाम**	**मॉडल संख्या**

(ग) तकनीकी विनिर्देश:

क्र.सं.	माप मूल्य		रेटेड मान	
	पावर इनपुट (वाट)		पावर इनपुट (वाट)	
	एयर डिलीवरी (घन मीटर/मिनट)		एयर डिलीवरी (घन मीटर/मिनट)	
	सेवा मूल्य (घन मीटर/मिनट/वाट)		सेवा मूल्य (घन मीटर/मिनट/वाट)	


2. **लेबल ब्यौरे**

उपकरण और प्रकार	
निर्माता/आयातक/ब्रांड का नाम	
मॉडल और निर्माण का वर्ष	
स्टार लेबल	
पावर इनपुट (वाट)	
एयर डिलीवरी (घन मीटर/मिनट)	
सेवा मूल्य (घन मीटर/मिनट/वाट)	
लेबल अवधि	
विशिष्ट श्रृंखला कोड	

IndiaCode

3. आकार, रंग योजना, लेबल के लिए उपयोग की जाने वाली सामग्री और ब्यूरो के लोगो के लेबल और रंग योजना की सामग्री इस विनियम की अनुसूची में यथा विनिर्दिष्ट होगी।

4. ब्यूरो द्वारा सम्यक रूप से अनुमोदित लेबल के नमूने को नीचे दर्शाए अनुसार इलेक्ट्रॉनिक सीलिंग टाइप फैन पर चिपकाया जाएगा (संबंधित मॉडल के लिए अलग नमूने उपाबंध हैं)



पत्र में उपबंधित किए गए विशिष्ट लेबल श्रृंखला कोड का उल्लेख इलेक्ट्रॉनिक सीलिंग टाइप फैन पर लगे लेबल में किया जाएगा।

तारीख .....

भवदीय

(सचिव)

ऊर्जा दक्षता ब्यूरो

प्ररूप V

[विनियम 7 का उपविनियम (2) देखें]

अनुज्ञापत्रधारी का रजिस्टर

क्र.सं.	आवेदन संख्या और अनुमति की तारीख	अनुज्ञापत्रधारी का नाम और ब्यौरे (संपर्क व्यक्ति, पता, पिन कोड, राज्य, फोन नं., फैक्स नंबर, ई-मेल, वेबसाइट)	उन उपकरणों के ब्यौरे जिनके लिए अनुमति दी गई है	घोषित स्टार लेबल या दक्षता लेबल	बीईई अनुमति संख्या और विशिष्ट लेबल श्रृंखला	अवधि जिसके लिए अनुमति दी गई है
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)

लेबल सुरक्षा जमा रकम	द्वारा प्राप्त लेबल सुरक्षा जमा रकम (इलेक्ट्रॉनिक लेनदेन (ब्यौरे): तारीख:)	आवेदन शुल्क प्राप्त रकम के ब्यौरे (इलेक्ट्रॉनिक लेनदेन (ब्यौरे): तारीख:)
(8)	(9)	(10)

प्रत्येक वित्तीय वर्ष के अंत में लगाए गए लेबलों की संख्या	देय लेबलिंग शुल्क की राशि	प्राप्त रकम के लेबलिंग शुल्क ब्यौरे (इलेक्ट्रॉनिक लेनदेन (ब्यौरे): तारीख:)	टिप्पणियां
(11)	(12)	(13)	(14)

प्ररूप VI

[विनियम 7 का उपविनियम (7) देखें]

विद्यमान मॉडल पर लेबल लगाने की अनुमति जारी रखने की मांग करने वाले

अनुज्ञापत्रधारी द्वारा घोषणा

(प्रत्येक अलग-अलग मॉडल के लिए, संबंधित उपाबंध के साथ एक अलग पत्र प्रस्तुत किया जाएगा)

(कॉर्पोरेट निकाय/अनुज्ञापत्रधारी के शीर्ष-पत्र पर)

तारीख:

सेवा में

महानिदेशक
ऊर्जा दक्षता ब्यूरो
(विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार)
चौथी मंजिल, सेवा भवन,
सेक्टर 1, आर.के. पुरम,
नई दिल्ली-110 066
भारत।

IndiaCode

विषय: .....से प्रभावी स्टार लेबल के संशोधन पर ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (इलेक्ट्रॉनिक सीलिंग टाइप फैन के लेबल पर उनके प्रदर्शन का विवरण और रीति) विनियम, 2022 के माध्यम से लेबल लगाने की अनुमति के लिए आवेदन।

1. मैं/हम इलेक्ट्रॉनिक सीलिंग टाइप फैन के विनिर्माता/आयातक हैं जो [व्यक्ति या फर्म का पूरा नाम] की शैली के अधीन [पूरा पता सहित कंपनी का नाम] में कारोबार कर रहे हैं, ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (इलेक्ट्रॉनिक सीलिंग टाइप फैन के लेबल पर उनके प्रदर्शन का विवरण और रीति) विनियम, 2022 में ब्यूरो द्वारा यथाविनिर्दिष्ट इलेक्ट्रॉनिक सीलिंग टाइप फैन पर लेबल लगाने की अनुमति के लिए आवेदन करते हैं जिसमें.....से स्टार लेबल में संशोधन किया जाएगा।

2. उपरोक्त उपकरण [व्यक्ति या फर्म का पूरा नाम] द्वारा विनिर्मित या आयात किया जाता है और इसे (कारखाने का नाम और पता) में विनिर्मित किया जाता है या (आयातकर्ता का नाम और पता) से आयात किया जाता है;

3. नए स्टार लेबल के अनुरूप: मैं/हम इलेक्ट्रॉनिक सीलिंग टाइप फैन के लिए का.आ. संख्या..... तारीख .....में विनिर्दिष्ट सारणी..... के अनुसार सारणी परिवर्तन के अनुरूप सहमति देता हूँ/देते हैं। उपरोक्त उपकरण के संबंध में ब्यूरो के अनुमोदन की एक प्रति (जिसे पहले अनुमोदित किया गया था) संलग्न है।

4. इलेक्ट्रॉनिक सीलिंग टाइप फैन के संबंध में ऊर्जा दक्षता ब्यूरो लेबल (स्टार लेबल परिवर्तन के संशोधन के अनुसार) की एक प्रति संलग्न है।

5. स्टार लेबल के संशोधन के अनुसार उपकरण/मॉडल के ब्यौरे

ब्रांड/ मॉडल का नाम - _____

विशिष्टियां	**घोषित मूल्य**	
पावर इनपुट (वाट)	--	
एयर डिलीवरी (घन मीटर/मिनट)	--	
सेवा मूल्य (घन मीटर/मिनट/वाट)	--	
स्टार रेटिंग	(विद्यमान स्टार लेबल के अनुसार)	(संशोधित स्टार लेबल के अनुसार)

IndiaCode

6. मैं/हम मैन्युअल आवेदन के साथ-साथ ऑनलाइन वेब पोर्टल में स्टार लेबल को [विद्यमान स्टार लेबल स्तर] से [संशोधित स्टार लेबल स्तर] में बदलने के लिए सहमत हूँ/हैं।

7. मैंने उक्त इलेक्ट्रॉनिक सीलिंग टाइप फैन के मॉडल के लिए अब तक का अपना तिमाही उत्पादन डेटा और लेबलिंग शुल्क जमा कर दिया है।

8. मैं/हम ब्यूरो द्वारा विनिर्दिष्ट सभी निबंधन और शर्तों का पालन करने और ब्यूरो द्वारा की जाने वाली किसी भी जांच के मामले में आवश्यक सहायता/सहयोग करने के लिए सहमत हूँ/ हैं।

9. मैं/हम ऊर्जा दक्षता ब्यूरो को सत्यापन और चुनौती परीक्षण के लिए नमूने का चयन करने हेतु प्राधिकृत करता हूँ/करते हैं और इस संबंध में ब्यूरो के निर्देशों का पालन करने के लिए सहमत हूँ/हैं।

10. मैं/हम वचन देते हैं कि इस आवेदन में दी गई जानकारी मेरी/हमारी सर्वोत्तम जानकारी के अनुसार सही है, और यदि दी गई कोई भी जानकारी गलत पाई जाती है, तो आवेदन को तुरंत अस्वीकृत कर दिया जाएगा।

तारीख:

……दिन…….. (वर्ष)

हस्ताक्षर .....

नाम .....

पदनाम .....

…….…… की ओर से

(फर्म का नाम)

फर्म की मुहर

प्ररूप VII

[विनियम 11 के उपविनियम (6) देखें]

दूसरे जांच परीक्षण में विफल रहने पर अनुज्ञापत्रधारी को निर्देश

सेवा में नई दिल्ली, तारीख.....

.....

.....

.....

ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (इलेक्ट्रॉनिक सीलिंग टाइप फैन के लेबल पर उनके प्रदर्शन का विवरण और रीति) विनियम, 2022 के नियम 7 के उपबंधों के अनुसार, आपको ऊर्जा दक्षता ब्यूरो के पत्र सं. ..... तारीख.....के अधीन उसमें विनिर्दिष्ट निबंधन और शर्तों के अनुपालन के अधीन इलेक्ट्रॉनिक सीलिंग टाइप फैन पर लेबल लगाने की अनुमति दी गई थी।

2. ब्यूरो ने इन विनियमों के ...विनियमन के अधीन, आपके प्राधिकृत वितरक, व्यवहारी, फुटकर विक्रेता से एक बीईई स्टार लेबल वाला इलेक्ट्रॉनिक सीलिंग टाइप फैन रु.....के मूल्य पर तारीख.....के चालान सं..... द्वारा खरीदा और मैसर्स द्वारा ..... के नमूने के रूप में उठाया गया, जो पूर्वोक्त खरीदे गए इलेक्ट्रॉनिक सीलिंग टाइप फैन पर विनियम 3 के अधीन आपके द्वारा चिपकाए गए लेबल पर प्रदर्शित विशिष्टियों के सत्यापन के लिए ब्यूरो द्वारा नियुक्त एक एजेंसी है। मैसर्स..... द्वारा सम्यक रूप से सील किया गया नमूना ..... क्रमांक..... सत्यापन एजेंसी के विधिवत प्राधिकृत प्रतिनिधि के हस्ताक्षर के अधीन मैसर्स..... (वितरक, व्यवहारी, फुटकर विक्रेता का नाम) से प्राप्त किया गया था।

3. ब्यूरो ने अपने पूर्वोक्त सत्यापन अभिकरण के माध्यम से पैरा 2 में निर्दिष्ट नमूने को मैसर्स ..... तक पहुँचाया, जो तारीख..... के का.आ. सं..... के उपाबंध में दिए गए.....प्ररूप के अनुसार परीक्षण रिपोर्ट देने के लिए तारीख..... के का.आ. सं..... के पैरा 4 और 5 में दर्शाई गई परीक्षण प्रक्रिया के अनुसार परीक्षण करने के लिए राष्ट्रीय परीक्षण और अंशांकन प्रयोगशाला प्रत्यायन बोर्ड की एक मान्यता-प्राप्त प्रयोगशाला है।

4. विशिष्ट पहचान क्रमांक..... वाले नमूने की परीक्षण रिपोर्ट के परिणाम संलग्न हैं। परीक्षण रिपोर्ट के परिणामों से पता चलता है कि इलेक्ट्रॉनिक सीलिंग टाइप फैन का नमूना ऊर्जा खपत मानक, सेवा मूल्य आदि को पूरा करने में विफल रहा और आपके द्वारा विनिर्मित/आयातित इलेक्ट्रॉनिक सीलिंग टाइप फैन पर लेबल लगाने की अनुमति मांगने के संबंध में प्रस्तुत आवेदन के साथ संलग्न प्ररूप में आपके द्वारा प्रस्तुत परीक्षण ब्यौरे के अनुरूप नहीं था। आपको ब्यूरो के तारीख..... के पत्र सं..... के माध्यम से आपके प्राधिकृत संपर्क व्यक्ति के नाम पर परीक्षा परिणाम भेजे गए थे। आपको राष्ट्रीय परीक्षण और अंशांकन प्रयोगशाला प्रत्यायन बोर्ड की मान्यता-प्राप्त प्रयोगशाला मैसर्स ..... में नमूनों के दूसरे जांच सत्यापन परीक्षण में भाग लेने और देखने की भी आवश्यकता थी।

5. हमारी प्राधिकृत एजेंसी मैसर्स..... के माध्यम से दूसरे जांच सत्यापन परीक्षण के लिए नमूना लिया गया था और उसे हमारी प्राधिकृत एजेंसी द्वारा राष्ट्रीय परीक्षण और अंशांकन प्रयोगशाला प्रत्यायन बोर्ड की मान्यता-प्राप्त प्रयोगशाला ले जाया गया था, जिसे मैसर्स..... द्वारा सम्यक रूप से सील किया गया था तथा सत्यापन एजेंसी और साथ ही आपके सम्यक रूप से प्राधिकृत प्रतिनिधि के हस्ताक्षर के अधीन.....से प्राप्त उक्त नमूने पर अंकित विशिष्ट पहचान क्रमांक दिया गया था।

6. दूसरी जांच के परीक्षण के परिणाम संलग्न हैं जिनकी सम्यक रूप से जांच की गई है तथा इस पर राष्ट्रीय परीक्षण और अंशांकन प्रयोगशाला प्रत्यायन बोर्ड की मान्यता-प्राप्त प्रयोगशाला के सक्षम प्राधिकृत कार्मिकों द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित किया गया है। दूसरे जांच परीक्षण के गवाह के रूप में परीक्षण रिपोर्ट पर आपके प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता द्वारा सम्यक रूप से हस्ताक्षर भी किए गए हैं। परीक्षण के परिणाम इस बात की पुष्टि करते हैं कि वे तारीख....के का.आ. सं....में दिए गए अपेक्षित मापदंडों और मानकों तथा विनिर्मित/आयातित और बाजार में बेचे गए इलेक्ट्रॉनिक सीलिंग टाइप फैन पर लगे लेबल पर विशिष्टियां प्रदर्शित करने के लिए आपको दी गई अनुमति की निबंधन और शर्तों को पूरा करने में विफल रहे हैं।

7. ब्यूरो आपको इलेक्ट्रॉनिक सीलिंग टाइप फैन के लेबल पर प्रदर्शित स्टार लेबल को ठीक करने या परीक्षण के दौरान पाए गए दोषों और कमियों को दूर करने का निर्देश देता है; ब्यूरो के निर्देशों का पालन करने के लिए बाजार से सभी स्टॉक को वापस लिया जाए; और विज्ञापन सामग्री पर प्रदर्शित विशिष्टियों को बदला जाए।

8. आपको इस पत्र के जारी होने की तारीख से दो महीने के भीतर पूर्वोक्त सुधारात्मक कार्रवाई को पूरा करने और दो महीने, अर्थात्..... की समाप्ति के पश्चात् दस दिनों के भीतर प्ररूप VI में अनुपालन रिपोर्ट भेजने का निर्देश दिया जाता है, यदि उक्त तारीख तक कोई अनुपालन रिपोर्ट प्राप्त नहीं होती है, तो ब्यूरो इन विनियमों के अधीन आगामी कार्रवाई करेगा।

9. ब्यूरो इन विनियमों के उपबंधों के अनुसार आगे अनुवर्ती कार्रवाई करेगा।

सचिव,

ऊर्जा दक्षता ब्यूरो

संलग्नक:

1. विफल मॉडल की परीक्षण रिपोर्ट

2. विनिर्माता के साथ पत्राचार

IndiaCode

प्ररूप VIII

की गई कार्रवाई रिपोर्ट

[विनियम 11 का उपविनियम (7) देखें]

(संगठन के शीर्ष-पत्र पर प्रस्तुत किया जाए)

तारीख:

सेवा में

सचिव,

ऊर्जा दक्षता ब्यूरो

(विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार)

चौथी मंजिल, सेवा भवन,

सेक्टर 1, आर.के. पुरम,

नई दिल्ली-110 066 भारत।

ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (इलेक्ट्रॉनिक सीलिंग टाइप फैन के लेबल पर उनके प्रदर्शन का विवरण और रीति) विनियम, 2022 के विनियम 7 के उपबंधो के अनुसार, हमें अर्थात् मैसर्स.....जो इलेक्ट्रॉनिक सीलिंग टाइप फैन के विनिर्माता हैं, को ऊर्जा दक्षता ब्यूरो के तारीख.....के पत्र सं..... द्वारा स्टार लेबल.....मॉडल नंबर के लिए ऊर्जा की खपत के मानक के अनुरूप इलेक्ट्रॉनिक सीलिंग टाइप फैन पर लेबल लगाने की अनुमति दी गई थी।

ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (इलेक्ट्रॉनिक सीलिंग टाइप फैन के लेबल पर उनके प्रदर्शन का विवरण और रीति) विनियम, 2022 के विनियम 11 के उपविनियम (4) के उपबंधो के अनुसार, हमें ऊर्जा दक्षता ब्यूरो के तारीख..... के पत्र सं. .....के अधीन आवश्यक सुधारात्मक कार्रवाई करने के लिए निर्देश दिए गए थे। ब्यूरो द्वारा जारी निर्देश को देखते हुए हम घोषणा करते हैं कि हमारी ओर से निम्नलिखित कार्रवाई की गई है।

	निर्देशित कार्रवाई	**स्थिति**	**की गई कार्रवाई**
(i)	ब्यूरो के निर्देशों का पालन करने के लिए इलेक्ट्रॉनिक सीलिंग टाइप फैन के लेबल पर प्रदर्शित स्टार लेबल को ठीक करें	हां/नहीं/लागू नहीं	स्टार लेबल को.....(तारीख) से.....स्टार से ..... स्टार करके सुधार कर दिया गया है।
(ii)	ब्यूरो के निर्देशों का पालन करते हुए बाजार से सभी स्टॉक वापस ले लें, और	हां/नहीं/लागू नहीं	ब्यूरो के निर्देशों का पालन करने के लिए बाजार से सभी स्टॉक वापस ले लिए गए हैं।
(iii)	विज्ञापन सामग्री पर प्रदर्शित विशिष्टियां बदलें।	हां/नहीं/लागू नहीं	हां/नहीं/लागू नहीं

उपर्युक्त घोषणा हमारी सर्वोत्तम जानकारी और विश्वास के अनुसार सही है।

हस्ताक्षर .....

नाम .....

पदनाम .....

……..…… की ओर से

कंपनी/फर्म आदि का नाम

फर्म/कंपनी की मुहर

IndianCode

THE BUREAU OF ENERGY EFFICIENCY

NOTIFICATION

New Delhi, the 19th May, 2022

No. BEE/S&L/Ceiling Fan/05/2019-20.—Whereas the draft regulations namely, the Bureau of Energy Efficiency (Particulars and Manner of their Display on Label of Electric Ceiling Type Fans) Regulations, 2021, were published *vide* notification number BEE/S&L/Ceiling Fan/05/2019-20, dated the 2nd July, 2021 as required under sub-section (1) of section 58 of the Energy Conservation Act, 2001 (52 of 2001), inviting objections or suggestions from persons likely to be affected thereby within the specified period of thirty days from the date of publication of the said notification in the Official Gazette;

And whereas Gazette copies of the said draft regulations were published in the aforesaid Gazette on 2nd July, 2021; And whereas suggestions have been received with respect to the said draft regulations within the period aforesaid;

And whereas the suggestions received in this regard have been taken into consideration;

Now, therefore, in exercise of the powers conferred by clause (i) of sub-section (2) of section 58 read with clause (n) of sub-section (2) of section 13 and clause (d) of section 14 of the Energy Conservation Act, 2001 (52 of 2001), the Bureau, with the previous approval of the Central Government, hereby makes the following regulations, namely:-

1. Short title and commencement.– (1) These regulations may be called the Bureau of Energy Efficiency (Particulars and Manner of their Display on Labels of Electric Ceiling Type Fans) Regulations, 2022.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. Definitions.- (1) In these regulations, unless the context otherwise requires,-

(a) "Act" means the Energy Conservation Act, 2001 (52 of 2001);

(b) "Electric Ceiling Type Fan" means an appliance notified under Clause (b) of Section 14 of the Act;

(c) "Family of models" means group of models for which all the performance parameters are same;

(d) "Form" means a Form appended to these regulations;

(e) "label" means any written, printed, marked, stamped or graphic matter affixed to, or appearing upon the Electric Ceiling Type Fan;

(f) "label period" means the validity period of the service value under the energy consumption standard notified by the Central Government under clause (a) of section 14 of the Act and in case the end period of the service value is not specified, it shall be deemed to be valid until a service value is specified by the Central Government;

(g) "permittee" means a person or agency to whom permission has been granted to affix label under regulation 7;

(h) "Schedule" means the Schedule annexed to these regulations;

(i) "star rating or star level" means the grade of energy efficiency displayed on the label of the Electric Ceiling Type Fan based on service value notified by the Central Government under clause (a) of section 14 of the Act;

(j) "trader or seller" in relation to any Electric Ceiling Type Fan means a person who sells or distributes such fans and includes shopkeeper, trader, manufacturer and permittee who has been given permission to affix label on such Electric Ceiling Type Fans.

(2) Words and expressions used herein and not defined, but defined in the Act, shall have meanings respectively assigned to them in the Act.

IndiaCode

3. Particulars to be displayed on label.- (1) On every Electric Ceiling Type Fan, the following particulars shall be displayed on its label, namely:-

(a) the logo of the Bureau of Energy Efficiency;

(b) name of manufacturer or importer and brand;

(c) trade name and number;

(d) model and year of manufacturing or import;

(e) unique series code;

(f) power input in watts ;

(g) air delivery in cu m/min;

(h) service value in cu m/min/Watts;

(i) star level of Electric Ceiling Type Fan ; and

(j) label period;

(2) The design, colour, size and content of label shall be as specified in the Schedule annexed to these regulations.

4. Time limit for display of labels.- (1) A label containing all the particulars specified in regulation 3 shall be displayed on every Electric Ceiling Type fan within a period of six months from the date of coming into force of these regulations.

(2) On and from commencement of revised energy consumption standards notified by the Central Government under clause (a) of section 14 of the Act, every permittee or trader or seller shall ensure that-

(a) the electric ceiling type fan put on sale shall display revised star level and revised label period synchronizing with the revised energy consumption standards and the manufacturing year of the Electric Ceiling Type fan shall also be in synchronization with such revised energy consumption standards, and shall not produce the Electric Ceiling Type fan with the previous energy consumption standards;

(b) all preparatory steps including awareness of the dealers, retailers and consumers, requisite publicity for their education shall be well planned and taken three months in advance of the date of such commencement, under these regulations.

5. Manner of display of label.- (1) There shall be a label on every electric ceiling type fan which shall be displayed at the point of sale and such label shall be affixed on the electric ceiling type fan in the following manner, namely:-

(a) Self-adhesive or Printed label affixed on packaging;

(b) Self-adhesive label affixed on motor.

6. Permission for display of label.- (1) No star label shall be affixed on a electric ceiling type fan without obtaining the prior permission of the Bureau.

(2) For the purpose of obtaining permission of the Bureau under sub-regulation (1), an application for registration shall be made for every brand separately as specified in Form I, accompanied by a label security deposit of one lakh rupees, payable online or by any other acceptable electronic mode of payment:

Provided that in case of small scale industry, label security deposit shall be twenty-five thousand rupees only.

(3) Every application of the permittee under sub-regulation (2) shall be accompanied by—

(a) an application fee of two thousand rupees per model, payable online or by any other acceptable electronic mode of payment;

(b) documents specified in Form II.

7. Grant of permission. -(1) On receipt of an application under regulation 6 and after being satisfied that all requirements therein are complied with, the Bureau may, within a period as specified in its operation manual on standards and labelling from the date of such receipt, subject to such terms and conditions as are specified in regulation 8, –

(a) register the brand in Form III or in electronic form; or

(b) grant permission for affixing label on electric ceiling type fan in Form IV or in electronic form.

(2) The Bureau shall maintain a register in Form V and enter the name of the permittee therein.

(3) The permission so granted under sub-regulation (1) shall be valid for such period till which the star level specified by the energy consumption standard as notified by the Central Government under clause (a) of section 14 of the Act is in force.

(4) An application for renewal of permission may be made by the permittee six months before its expiry and shall be accompanied by a fee of rupees one thousand payable online or by any other acceptable electronic mode of payment:

Provided that no application for renewal shall be allowed if it is made one month before its expiry.

(5) No application shall be renewed after expiry of validity period, in which case the permittee shall make a fresh application.

(6) On receipt of application for renewal under sub-regulation (4) and after being satisfied that all requirements are complied with, the Bureau may, within a period of one month from the date of such receipt, renew permission in Form IV.

(7) The permittee who seeks permission for continuance to affix label on the existing model of the electric ceiling type fan from the date from which the revised star level comes into force, shall submit only a declaration in Form VI.

(8) The permittee shall seek permission to affix label afresh, if a new model of the electric ceiling type fan is planned to be launched synchronising with the revised star level, an application for such permission shall be made six months in advance of coming into force of the revised star level.

8. Terms and conditions for display of particulars on label.- Every permittee, trader and seller shall,-

(a) comply with the energy consumption standards for electric ceiling type fan notified under clause (a) of section 14 of the Act;

(b) affix label only on such model of electric ceiling type fan for which permission has been granted;

(c) affix label on the electric ceiling type fan at the cost of the permittee;

(d) ensure that the star level displayed on the label of electric ceiling type fan shall be maintained at all time;

(e) pay the label fee as specified in regulation 9;

(f) furnish to the Bureau a statement containing details of production of labelled equipment and the accrued labelling fee due for each quarter within the following month of closure of each quarter of the financial year;

(g) furnish to the Bureau an updated list of authorised distributors, dealers, retailers, sellers appointed to sell its labelled products by 30th day of April of each year;

(h) comply with such other terms and conditions which the Bureau may specify including those contained in the Bureau's Operation Manual on Standards and Labelling.

9. Label fee. - (1) Every permittee shall pay to the Bureau a label fee of one rupee for each label affixed on the electric ceiling type fan;

